MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -19 मंदसौर, 29 अक्टूबर 2025 बुधवार से 4 नवम्बर 2025 तक पृष्ट -4 किमत 2 रू.

# मंदसौर के मैत्री मेडिकल सेंटर में इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने लगाया डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

## हंगामे के बाद मौके पर पहुँची पुलिस, जांच शुरू

यशस्वी दुनिया ⦿ मंदसौर

मंदसौर । मंदसौर शहर के गोल चौराहा स्थित मैत्री मेडिकल सेंटर में मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को शांत कराया और जांच शुरू कर दी है।

### मृतक की पहचान जाकिर लश्करी के रूप में

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जाकिर लश्करी (55 वर्ष) निवासी मंदसौर के रूप में हुई है।



जाकिर लश्करी, मृतक

मृतक के पुत्र असलम लश्करी ने बताया कि वे अपने पिता को मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे उपचार के लिए मैत्री मेडिकल सेंटर लेकर पहुंचे थे। उस समय जाकिर की हालत गंभीर नहीं थी।

असलम के अनुसार, डॉ. राहुल सिंह सेंगर ने उनके पिता को एक इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही मिनटों बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया।

### डॉक्टर ने दी सफाई – 'मरीज को पहले से सांस की तकलीफ थी'

इस पूरे मामले पर डॉक्टर राहुल सिंह सेंगर ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि, ÷मरीज पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी। हमने उनकी स्थिति के अनुसार आवश्यक उपचार दिया, जिसकी सारी जानकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। अगर परिजन लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं, तो पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। डॉक्टर के अनुसार, प्रथम दृष्टि में मामला हार्ट अटैक से हुई मौत का प्रतीत होता है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सवाल उठे अस्पतालों की निगरानी पर

इस घटना के बाद शहरवासियों में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं।

परिजन जहाँ डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं, वहीं चिकित्सा समुदाय का कहना है कि बिना रिपोर्ट के किसी निष्कर्ष पर पहुँचना जल्दबाज़ी होगी।



# नकली नोट मिले, तीन आरोपी गिरफ्तार

## 38 हजार रुपए कीमत के 76 नकली नोट बरामद

मंदसौर। वायडी नगर थाना क्षेत्र की मुल्तानपुरा चौकी पुलिस ने 38,000 रुपए कीमत के 76 नकली नोट जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। चौकी प्रभारी कपिल सोराष्टीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एमआईटी चौराहा, दाऊतखेड़ी रोड स्थित काका टी स्टॉल पर दबिश दी। यहां से निसार हुसैन (36, निवासी बोतलगंज, मंदसौर), रियाज नियारगर (38, निवासी पिपलियामंडी, मंदसौर) और दीपक कुमार (42, निवासी भीलवाड़ा, राजस्थान) को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान, तीनों आरोपियों के पास से भारतीय मुद्रा जैसे दिखने वाले कुल 76 नकली नोट बरामद हुए। इन नोटों की कुल कीमत 38,000 रुपए बताई गई है।

वायडी नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 179 और 180 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का रिमांड प्राप्त कर लिया है। उनसे नकली नोटों के स्रोत और इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

# जनसुनवाई में तत्परता से सुनी गई 56 आवेदकों की समस्याएँ

## कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने अधिकारियों को दिए शीघ्र निराकरण के निर्देश

मंदसौर। जनसमस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान की दिशा में जिला प्रशासन निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में मंगलवार को सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की शिकायतें और समस्याएँ सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखी गईं।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं संबंधित एसडीएम उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 56 आवेदकों ने अपनी समस्याएँ रखीं, जिन पर तत्काल निर्देश जारी किए गए।

### आवेदनों पर हुई त्वरित कार्रवाई

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।

**जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मामलों पर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए** — मंदसौर निवासी आशा द्वारा ब्याज पर पैसा वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर




एसडीएम मंदसौर को जांच और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। भानपुरा निवासी मोहनबाई के भूमि नामांतरण से जुड़े आवेदन पर एसडीएम गरोठ को जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश मिले। अमलावद निवासी नंदकिशोर के वारिस प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण में एसडीएम मंदसौर को त्वरित कार्रवाई के लिए कहा गया। पिपलिया मंडी निवासी प्रदीप द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की शिकायत पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### कई सामाजिक योजनाओं से जुड़े आवेदन भी आए

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आवेदन संबल योजना की राशि दिलवाने, कॉलेज फीस माफी, बिजली बिल सुधार, मीटर जांच, भूमि पट्टा निरस्तीकरण, बीमा राशि भुगतान, केसीसी खाता संचालन एवं नाम नकल से हटवाने जैसे विषयों से संबंधित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार समाधान कर संबंधित आवेदक को समय पर जानकारी दी जाए।

### सुशासन की दिशा में प्रशासन का प्रयास

जिला प्रशासन का यह सतत प्रयास है कि नागरिकों को अपनी समस्याएँ बिना किसी मध्यस्थ के सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिले और समाधान पारदर्शी तरीके से किया जाए।

जनसुनवाई में आए नागरिकों ने प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

# संपादकीय

## बिहार चुनाव- एक नया मोड़ या वही राह?

बिहार की राजनीति हमेशा से प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रही है। यहां सत्ता तक पहुंचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव न केवल राज्य की राजनीति को, बल्कि राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है, क्योंकि मैदान में तीन धाराएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। 'इंडिया' गठबंधन, जिसमें मुख्य भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का 'जन सुराज अभियान'। राजद की अगुवाई वाला 'इंडिया' गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना।

राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है, फिर भी तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। 'इंडिया' गठबंधन यह भलीभांति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है।

एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ़ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफ़ी कमजोर किया है। भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाज़ा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मज़बूत होना है तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है। एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढांचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की वह अब निर्णायक दौर में पहुंची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गांव-गांव में सक्रिय रहा है। वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है। ÷सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी।÷ प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा।

### गरोठ पुलिस विभाग में शोक की लहर

# एसडीओपी कार्यालय के कर्मठ कर्मचारी शांतिलालजी का असमय निधन

यशस्वी दुनिया ⊙ गरोठ

गरोठ। पुलिस विभाग में उस समय गहरा सन्नाटा छा गया जब यह दुखद समाचार मिला कि एसडीओपी कार्यालय गरोठ में सेवाएं दे रहे कर्मठ और अनुशासित कर्मचारी शांतिलालजी का असमय निधन हो गया। उनके निधन से पुलिस परिवार समेत पूरे विभाग में शोक की लहर फैल गई है।

### ईमानदारी और अनुशासन के प्रतीक थे शांतिलालजी

शांतिलालजी लंबे समय से गरोठ एसडीओपी कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपनी ईमानदारी, समय की पाबंदी और कार्य के प्रति निष्ठा के लिए जाने जाते थे।

कार्यालय में अक्सर वे अकेले ही अनेक जिम्मेदारियों को निभाते थे, और हर कार्य को शांतिपूर्वक तथा सटीकता से पूरा करने के लिए उनकी प्रशंसा होती थी। सहकर्मियों के अनुसार, शांतिलालजी सदैव मिलनसार, संयमी और सहयोगी स्वभाव के थे।

### ड्यूटी से लौटते समय हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व शांतिलालजी अपनी ड्यूटी पूरी कर गृहग्राम शामगढ़ लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक सड़क दुर्घटना हो गई।



दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक उपचार जारी रहा, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद वे जीवन की जंग हार गए और इस दुनिया को अलविदा कह गए।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा

दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर

प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले

शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485

हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268




प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़

Mob.9752457614,9893826814

आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार

प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें

समय प्रात: 10 से 1 बजे तक

### मंदसौर में केंद्रीय दल ने जलशक्ति अभियान का किया निरीक्षण

# लगाया बट वृक्ष; सांदीपनि स्कूल में 3000 पौधों की ड्रिप से सिंचाई देख की सराहना



मंदसौर। जल शक्ति अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज कुमार और केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक सौम्या सिद्धार्थ ने मंदसौर जिले के सांदीपनि विद्यालय, गुर्जर बर्डिया का दौरा किया।

दल ने सार्थक एनजीओ द्वारा विद्यालय में किए गए पर्यावरणीय कार्यों का अवलोकन किया। विद्यालय परिसर में 3000 पौधे लगाए गए हैं, जिनमें छायादार और फलदार दोनों प्रकार के वृक्ष शामिल हैं।

इन सभी पौधों की सिंचाई ड्रिप इरिगेशन प्रणाली से की जा रही है। यह प्रणाली जल संरक्षण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करती है।

केंद्रीय दल ने विद्यालय परिसर में एक बट वृक्ष का पौधा भी लगाया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। दल ने इस पहल को शिक्षा और पर्यावरण जागरूकता का बेहतरीन संयोजन बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी वस्तुओं से निर्मित उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। दल ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान दल ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रकृति संरक्षण और स्वावलंबन के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, सार्थक एनजीओ के सदस्य और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 1 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह



मंदसौर। नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सोमवार को कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में हुई साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में इसकी तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक और विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

बैठक में भावांतर भुगतान योजना, खाद की उपलब्धता और राशन वितरण की भी विस्तृत समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग को अर्धवार्षिक परीक्षाओं की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने और विद्यार्थियों को मॉक प्रश्नों के माध्यम से परीक्षा की तैयारी कराने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा गया।

स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एडवाइजरी जारी करने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को उन गांवों में विशेष शिविर लगाने के लिए कहा गया, जहां डेंगू या अन्य बीमारियों के 10 से अधिक मरीज पाए गए हों, ताकि त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
प्रत्येक शनिवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. रघुवीरसिंह MBBS, M.S.
हड्डीएवं कमर रोग विशेषज्ञ
हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज एवं आपरेशन।
सभी प्रकार के कमर एवं जोड़ो से संबंधित ईलाज
सभी प्रकार की नसों से संबंधित समस्या का ईलाज।
सायटिक का ईलाज
सभी प्रकार के फ्रेक्चर का सम्पूर्ण ईलाज।
गठियावात, दर्द का सम्पूर्ण ईलाज।
घुटनों एवं जोड़ों का दर्द का ईलाज।
बच्चों की जन्मजात विकृतियों का ईलाज।
लिगामेंट इंजरी का ईलाज।
प्रत्येक रविवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. भारद्वाज MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
बच्चों का चिड़चिड़ापन
लार टपकना
बोल नहीं पाना, हकलाना
झटके आना
बार बार बुखार आना
शारीरिक विकलांगता
वजन/ लंबाई का ना बढना
बच्चों में जन्म से पीलिया होना
बार बार सर्दी खांसी होना
बच्चों को भूख नहीं लगना
बच्चों में खून की कमी
बच्चों के छुटे हुए टिके
बच्चों का वजन नहीं बढना
रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने हेतु समस्त प्रकार के वैक्सीन
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ. दीपिका शर्मा MBBS DGO Obs & gynec
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से उपलब्ध
ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
कम्प्यूटराईज्ड लेब
मेडिकल
एंबुलेंस
ICU
ECG
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें - 9630656214
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद कामपलेक्स, शामगढ़



# मंदसौर नईआबादी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में दो तस्कर गिरफ्तार

मंदसौर। जिले की नईआबादी थाना पुलिस ने सोमवार देर शाम नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में पुलिस ने उनके कब्जे से 750 ग्राम एमडी पाउडर (कीमत ?7.50 लाख), 10 किलो डोडाचूरा (कीमत ?20,000) और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।0यह सफलता थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली।

मुखबिर की सूचना पर बंजारी बालाजी मंदिर गेट के पास घेराबंदी

दिनांक 27 अक्टूबर को थाना नईआबादी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति हीरो पैशन प्लस मोटरसाइकिल (MP14 MH 9506) से एमडी पाउडर व डोडाचूरा लेकर सीतामऊ-डिगाव रोड होते हुए मंदसौर हाईवे की ओर जा रहे हैं। सूचना पर तुरंत थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौड़ ने टीम गठित कर बंजारी बालाजी मंदिर गेट के पास नाकाबंदी की।

पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास से एमडी पाउडर और डोडाचूरा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार तस्कर

1 उमराव सिंह पिता मैहताब सिंह सोंधिया राजपूत (37 वर्ष)

निवासी - गरड़ा चौकी, थाना चंदवासा, जिला मंदसौर

2 राजेंद्र सिंह उर्फ नैपाल सिंह पिता मान सिंह सोंधिया राजपूत (36 वर्ष)

निवासी - काली तलाई, थाना भवानीमंडी, जिला झालावाड़ (राजस्थान)

दोनों के विरुद्ध NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

फरार आरोपी

1 धीरप उर्फ धीरज सिंह पिता शिव सिंह सोंधिया राजपूत निवासी - गरड़ा चौकी, थाना चंदवासा

2 धीरप सिंह सोंधिया राजपूत निवासी ड्ड घाटाखेड़ी

पुलिस की टीमें दोनों फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

थाना प्रभारी राठौड़ बोले – नशे के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा÷

थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा –

मंदसौर जिले में किसी भी रूप में नशे का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीम पूरी तत्परता से ऐसे अपराधों पर निगरानी रख रही है। मुखबिर तंत्र को और मजबूत किया गया है ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो।÷

जप्त सामग्री का विवरण

एमडी पाउडर 750 ग्राम रू 7,50,000 डोडाचूरा 10 किलोग्राम रू 20,000 मोटरसाइकिल (Hero Passion Plus) 1रू 50,000 कुल जप्त मूल्य÷ लगभग ?8.20 लाख।

# कलयुगी नाना की हैवानियत! इलाज की जगह तांत्रिक क्रिया छह माह की मासूम की गई जान

## शामगढ़ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मंदसौर। जिले से एक बार फिर अंधविश्वास से जुड़ी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तीन टापरी में एक कलयुगी नाना ने अपनी छह माह की नातिन पर इलाज के नाम पर तांत्रिक क्रिया की और मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नाना दुर्गालाल बंजारा (70 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है।

### अंधविश्वास ने छीनी मासूम की सांसें

जानकारी के अनुसार, ग्राम तीन टापरी निवासी दुर्गालाल बंजारा की नातिन प्रियंका बंजारा (6 माह) बीमार थी। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले जाने के बजाय अंधविश्वास में पड़ गए। आरोपी नाना ने तांत्रिक उपचार के नाम पर बच्ची के शरीर पर 'डाम' (गरम लोहे की सुई या वस्तु से दागना) करने की अमानवीय क्रिया की।

इस क्रूर हरकत से बच्ची के शरीर पर गंभीर घाव और संक्रमण हो गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः मासूम ने दम तोड़ दिया।

### पिता की शिकायत पर खुला राज

मृतका के पिता बबलू बगाड़ा, निवासी ग्राम ढाबला माधोसिंह ने शामगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पत्नी रिंकुबाई अपनी मायके तीन टापरी में रह रही थी। वहीं से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मृत्यु हो गई है।

सूचना मिलते ही शामगढ़ पुलिस मौके पर पहुँची और मर्ग क्रमांक 74/25 धारा 194 बीएनएसएस दर्ज कर जांच प्रारंभ की।



### जांच में उजागर हुई तांत्रिक क्रिया की सच्चाई

पुलिस जांच में सामने आया कि बच्ची की तबीयत खराब थी, लेकिन इलाज कराने की बजाय आरोपी नाना ने झाड़फूंक और डाम देने जैसी तांत्रिक क्रियाएं कीं। इसी के चलते बच्ची को गंभीर जलन और संक्रमण हुआ, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उनि रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी दुर्गालाल बंजारा को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 404/25, धारा 105 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस की सराहनीय कार्रवाई

इस जघन्य अपराध के खुलासे में थाना प्रभारी शामगढ़ मनोज कुमार महाजन, उनि रविन्द्र प्रताप डांगी, प्रआर देवेंद्र सिंह चौहान एवं आर मोकम सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीना (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता कूरील तथा SDOP सीतामऊ श्री दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में की गई।

### अंधविश्वास बना मासूम की मौत का कारण

विज्ञान और चिकित्सा के इस युग में भी जब समाज अंधविश्वास के जाल में उलझा हुआ है, तब ऐसी घटनाएं मानवता को शर्मसार करती हैं।

छह माह की मासूम प्रियंका की दर्दनाक मौत ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब तक अंधविश्वास और तांत्रिक क्रियाओं के नाम पर निर्दोष जिंदगियाँ यूँ ही कुर्बान होती रहेंगी।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306